# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 279 ■ अम्बिकापुर, शनिवार 01 नवम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव



माननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों से

**लगभग ₹14,300 करोड़**

01 नवंबर 2025

राज्योत्सव स्थल
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

की सड़क, ऊर्जा, उद्योग, आवास, ग्रामीण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का

### शिलान्यास / उद्घाटन / लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण और शुभ गृहप्रवेश

**लोकार्पण**

शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय
**₹52 करोड़**





छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन
**₹325 करोड़**

### गृह प्रवेश एवं किस्त जारी ₹1,200 करोड़

- PMAY-G के तहत बने 3.51 लाख आवासों का गृह प्रवेश एवं खुशियों की चाबी का वितरण
- 3 लाख लाभार्थियों को सहायता राशि की किस्त जारी

### शिलान्यास ₹7,459 करोड़

- जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव में नया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र
- नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क
- बिलासपुर के ग्राम कोनी और उसलापुर में कार्यरत महिला छात्रावास
- मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और गीदम(दंतेवाड़ा) में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन
- बिलासपुर में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भवन
- 3 राष्ट्रीय राजमार्ग-130D और पत्थलगांव-कुनकुरी- छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा तक चार लेन ग्रीनफील्डराजमार्ग के निर्माण एवं उन्नयन कार्य
- कांकेर में 220 के.वी और बलौदाबाज़ार-भाटापारा में 132 के.वी के विद्युत उपकेंद्र
- आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत आधारभूत संरचना का विकास कार्य

### उद्घाटन ₹3,250 करोड़

- मुंगेली में 400, राजिम (गरियाबंद) और पाटन (दुर्ग) में 220, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरिया में 132 के.वी. ईएचवी के कुल 7 उपकेंद्र
- बस्तर और सुकमा में 33 के.वी. उपकेंद्र
- 9 जिलों के 12 ब्लॉकों में स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ और ओडिशा खंड (489 किमी) नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन - (GAIL)
- नया पेट्रोलियम ऑयल डिपो (HPCL)
- अंतर-क्षेत्रीय ईआर-डब्ल्यूआर इंटरकनेक्शन ट्रांसमिशन परियोजना (पावरग्रिड)

### राष्ट्र को समर्पण ₹1,979 करोड़

- विभिन्न जिलों में नई 11 के.वी. और एल.टी. लाइन, ओवरलोडेड 11 के.वी. फीडर और ट्रांसफार्मर
- कंडक्टर को AB केबल में परिवर्तित करने के कार्य
- राष्ट्रीय राजमार्ग-130C मदांगमुड़ा-देवभोग-ओडिशा सीमा तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य

DD NEWS — कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

आर.ओ. नं.-45735/15

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क — Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# प्रधानमंत्री के द्वारा 3.51 लाख हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

★ जिले के 16000 से अधिक हितग्राहियों को मिलेगी खुशियों की चाबी ★ निम्न वर्गीय परिवारों के पक्के मकान का सपना हो रहा साकार

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वीं वर्षगांठ एवं रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रतिकात्मक रूप से 3.51 लाख हितग्राहियों के आवास का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम काराया जाएगा। जिसके अंतर्गत बलरामपुर-रामानुगंज जिले मे 16,000 से अधिक नये आवासों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सभी आवास लाभार्थियों को आभार पत्र, स्मृति चिन्ह और गृह प्रवेश की चाबी सौंपी जाएगी।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। जिसमें नव निर्मित आवासों पर पारंपरिक गृह प्रवेश कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और युवाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है।

### पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अब तक कुल 70,000 से अधिक परिवार हुए लाभान्वित

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सामाजिक आर्थिक एवं जाति जनगणना-2011 आधारित स्थायी प्रतीक्षा सूची में कुल 85,207 पात्र परिवार एवं आवास प्लस 1.0 आधारित स्थायी प्रतीक्षा सूची में कुल 23,517 पात्र परिवार इस प्रकार कुल 1,08,724 पात्र परिवारों को स्थायी प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक कुल




1,08,117 परिवारों का आवास स्वीकृति हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है। जिसमें से 1,01,870 आवासों की स्वीकृति प्रदान किया जा चुका है। स्वीकृति के विरूद्ध कुल 68,451 (67.19 प्रतिशत) आवास पूर्ण किये जा चुके हैं, शेष 33,419 आवासों का कार्य प्रगतिरत है। इसके अतिरिक्त ऐसे पात्र परिवार जो एस.ई.सी.सी. सूची 2011 एवं आवास प्लस 1.0 सर्वेक्षण में छूटे हुये थे उन पात्र परिवारों को लाभान्वित किये जाने हेतु आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण 2024 के माध्यम से 1,17,825 नवीन परिवारों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल 8,710 आवासों का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें से 7592 आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। शेष 1118 आवासों की स्वीकृति का कार्य प्रगतिरत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कुल 55,307 आवासों का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें से 50,400 आवासों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, शेष 4907 आवासों की स्वीकृति का कार्य प्रगतिरत है तथा कुल 25,790 (45.53:) आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है शेष 24,610 आवास प्रगतिरत हैं। वित्तीय वर्ष 2016-23 में कुल 44,188 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें से 42771 (96.79 प्रतिशत) आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं तथा शेष 1417 आवास प्रगतिरत हैं।

### नक्सल पीड़ित परिवारों को मिली आवास की स्वीकृति

विशेष परियोजना अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 25 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 20 हितग्राहियों को प्रथम किस्त, 10 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त प्रदाय की जा चुकी है। 10 आवास प्लींथ स्तर तक एवं शेष आवास प्रगतिरत हैं।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना से लाभान्वित हो रहे पहाड़ी कोरवा परिवार

प्रधानमंत्री जनमन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3347 आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें से 3314 हितग्राहियों को प्रथम किस्त, 3030 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त, 2560 हितग्राहियों को तृतीय किस्त एवं 2024 (60.57 प्रतिशत) आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं। शेष आवास प्रगतिरत हैं।

### मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 558 आवासहीन परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें से 396 आवास प्लींथ स्तर, 183 आवासों का ढलाई कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 35 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं एवं शेष आवास प्रगतिरत हैं।

## सरस्वती सायकल योजना के तहत 25 छात्राओं को मिला सायकल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर (शिक्षा) में शुक्रवार को पालक-शिक्षक बैठक एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 25 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं परीक्षा परिणाम पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष कृष्णपाल बिंझिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जयनगर थाना से एएसआई केश्वर मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नकुल राम, एमडीसी सदस्य विरेन्द्र कुमार, ब्रहमदेव, जाहिद अली, श्रीमती एकरी देवी, श्रीमती




प्रेमलता व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुफियाना खलखो ने किया। मंच संचालन डॉ. राजेश्री नारायण द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती शिमला गुप्ता, श्रीमती उषा बेला खारखा, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती आराधना कुशवाहा, श्रीमती जया साना, श्रीमती पद्मश्री जायसवाल, सुश्री स्वाति प्रियंका एक्का, सुती रजत एक्का, सुश्री पदमा साहू, ओमप्रकाश, कृति कुमार व अन्य सक्रिय रहे।

# नक्सली विरोधी ऑपरेशन में उत्कृष्ट कार्य हेतु बृजकिशोर दक्षता पदक से सम्मानित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** बीजापुर में तैनात एसडीओपी बृजकिशोर यादव ने हाल ही में एक विशेष नक्सली विरोधी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इस ऑपरेशन में नक्सलियों को घेरकर उनकी किलेबंदी की गई, जिससे कई नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ और कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया। उनके इस साहसिक और सफल नेतृत्व को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा बृजकिशोर यादव को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। इस पदक के लिए उनका नाम 121वें स्थान पर नामित किया गया है और छत्तीसगढ़ में सिर्फ दो एसडीओपी अधिकारियों को यह सम्मान मिला है, जिनमें बृजकिशोर यादव भी शामिल हैं।

ज्ञात हो कि एसडीओपी बृजकिशोर यादव सुरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पार्वतीपुर निवासी हैं। सूरजपुर जिले के लिए भी गर्व की बात है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा हिंदी माध्यम से स्थानीय स्कूलों में हुई, अपनी आगे की पढ़ाई उन्होंने रायपुर से की और फिर बिलासपुर में तैयारी कर इस सेवा में आए हैं। वे इस क्षेत्र में ऐसे उच्च पद पर पहुंचने वाले अपने क्षेत्र के पहले व्यक्ति हैं। इस सम्मान की घोषणा के बाद से आस-पास के स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। इस तरह बृजकिशोर यादव का यह सम्मान न सिर्फ उनके परिवार और जिले के लिए बल्कि छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए भी गौरव का क्षण है।

# मां भगवती जागरण भजन संध्या में गूंजे भक्ति के सुर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी श्री नवयुवक दुर्गा मंडल बिश्रामपुर द्वारा आयोजित 22 वां वार्षिक उत्सव एवं मां भगवती जागरण भजन संध्या अत्यंत भक्ति व उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। नगर के बस स्टैंड में स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां भगवती के भजनों का रसास्वादन किया। जागरण की शुरुआत मां की आरती एवं अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद रात्रि भर भक्ति सुरों की गूंज मंदिर परिसर में बनी रही। जबलपुर से आए प्रसिद्ध भजन गायक ब्रजकिशोर गुप्ता, लवली नेहा, सुरभि, अवधेश मौर्य, कैलाश चौधरी एवं हरदीप सिंह ने अपनी मधुर वाणी में मां भगवती के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही पंजाब-अमृतसर की जीवंत झांकी। जिसमें देवी-देवताओं के अद्भुत रूपों का मनमोहक प्रदर्शन



किया गया। मध्य रात्रि में माता रानी को चुनरी भेंट, डांडिया नृत्य, सवामणि प्रसाद वितरण तथा अखंड ज्योति दर्शन जैसे आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भावनात्मक एवं धार्मिक अनुभव का केंद्र बने। मंडल द्वारा आयोजित नि:शुल्क लकी ड्रा में भी भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मंडल के पदाधिकारियों ने आगामी वर्ष में और भी भव्य आयोजन का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में अजय मित्तल, राकेश अग्रवाल, अरविन्द मित्तल, संदीप सिंघल, रतन अग्रवाल, सुनील मित्तल, मनोज मित्तल, शंकर गोयल, दीपक गोयल, गौरव मित्तल, अजय अग्रवाल, अभिनव, अंकुर अग्रवाल, क्षितिज चंदेल, अभिषेक अग्रवाल व अन्य सक्रिय रहे।

# कोयलांचल मे राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध संस्थानों में कार्यक्रम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या द्वारा विद्यालय परिवार को राष्ट्रीय एकता,




अखण्डता और सुरक्षा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सत्य व निष्ठापूर्वक एकता शपथ दिलवाई गई। प्राचार्या अनामिका भारती ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा हम सभी देशवासियों के लिए सर्वोपरि है। हमें विषम परिस्थितियों में भी राष्ट्र की सुरक्षा और एकता को बनाए रखते हुए सद्भावना का परिचय देना है। विद्यालय की अध्यापिका प्रेरणा ओझा, छात्रा मान्यता जायसवाल व सौम्या यादव ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को महान राष्ट्र नायक बताया और देश के प्रति उनके महान योगदान को प्रकाशित किया। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू व क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ आयोजित की गई, जिसमे सभी स्वयंसेवकों, छात्र छात्राओं एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इसी तरह बिश्रामपुर पुलिस व जयनगर पुलिस द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस कर्मियों के साथ एकता दिवस पर सद्भावना दौड़ किया गया।

जयनगर पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत जयनगर भवन में सद्भावना दौड़ उपरांत शपथ दिला उपस्थित जन को साइबर ठगी व अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, जयनगर टीआई रूपेश कुंतल एक्का व स्थानीय जनप्रतिनिधि सक्रिय रहे।

## अनुभाग एवं कार्यालय स्तर पर एकता दौड़ के साथ लिया गया एकता शपथ



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला स्तर सहित जिले के सभी अनुभागों एवं कार्यालय स्तर पर एकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी -कर्मचारी, विद्यार्थी, जन सामान्य ने बड़ी संख्या एकता दौड़ में भाग लिया।

### संयुक्त जिला कार्यालय में लिया गया एकता शपथ

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। अपर कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय ने एकता की शपथ दिलाई।

## चक्रवाती मोथा ने कोयलांचल में बरपाया कहर, खेतों में डूबी मेहनत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान मोथा का असर अब कोयलांचल समेत आसपास इलाके में भी देखने को मिल रहा है। गुरुवार की देर रात आई तेज हवाओं और झमाझम बारिश ने किसानों की खड़ी धान फसल को गहरा नुकसान पहुंचाया है। कई गांवों के खेतों में पानी भर गया है, वहीं कई जगहों पर धान की फसलें झुककर सड़ने लगी हैं। किसानों की मानें तो उनकी पूरे साल की मेहनत अब पानी में बहती नजर आ रही है। आसपास के इलाकों में फसलों की स्थिति बेहद दयनीय बताई जा रही है। किसानों ने बताया कि पहले ही असामयिक वर्षा और कीट संक्रमण से फसलें प्रभावित थीं, अब मोथा तूफान की बारिश ने बची-कुची उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भर जाने से



कटाई प्रभावित हो रही है और जो किसान किसी तरह फसल काट भी रहे हैं, वे इसे खलिहान तक पहुंचाने में असमर्थ हैं।किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत तत्काल सर्वे और मुआवजा वितरण की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर शीघ्र राहत नहीं मिली तो वे आगामी रबी सीजन की बुवाई शुरू नहीं कर पाएंगे। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि क्षति का मूल्यांकन युद्धस्तर पर कराया जाए ताकि प्रभावितों को त्वरित आर्थिक सहायता दी जा सके। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी कहा कि प्रशासन को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपदा राहत दल तैनात करना चाहिए। कई खेतों में अब भी पानी भरा है जिससे फसलें पूरी तरह सड़ने का खतरा बना हुआ है।

क्षेत्रीय कृषि अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक सर्वे में करीब 60 से 70 प्रतिशत फसल प्रभावित बताई जा रही है। इस प्राकृतिक आपदा ने एक बार फिर किसानों के सामने आर्थिक संकट की गहरी चुनौती खड़ी कर दी है। खेतों में लहलहाती फसल अब तूफान की मार से लाचार होकर जमीन पर बिछी दिखाई दे रही है और किसान सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस मुश्किल घड़ी में उन्हें तत्काल राहत और सहायता मिले।

# लौह पुरुष की 150 वीं जयंती पर एकता दौड़ हुआ आयोजित

## विविधता में एकता का संदेश लेकर युवा, अधिकारी और नागरिकों ने लगाई दौड़, कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर 'राष्ट्रीय एकता दौड़' (रन फॉर यूनिटी) आयोजित की गई। एकता दौड़ पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान पर समाप्त हुई। दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग सहित युवा, अधिकारी-कर्मचारी व आमनारिकों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा व जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ किया।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अभिषेक गुप्ता, श्री चेतन बोरघरिया, श्री आर. एन. पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विश्व दीपक त्रिपाठी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं सहित आम नागरिक मौजूद रहे।

दौड़ समाप्त होने के पश्चात खेल




मैदान में कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने उपस्थित सभी लोगों को देश की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विश्व दीपक त्रिपाठी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने युवाओं से देश की एकता और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। सभी को सरदार पटेल जी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस को भारत की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को स्मरण कर उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को बताया। उल्लेखनीय है कि देश के पहले गृह मंत्री श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष भी श्री पटेल की 150 जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस रूप में उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी वर्गों के लोगों ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव जैसी संकीर्णताओं को त्यागकर एकता का संदेश दिया। और दौड़ में भाग लेकर संकल्प दोहराया कि वे देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भावना को सदैव बनाए रखेंगे।

# एचएसआरपी नंबर प्लेटर : वाहन स्वामियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी है कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधान के तहत सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है।




### एचएसआरपी नंबर प्लेट की विशेषताएं

एचएसआरपी नंबर प्लेट एल्यूमिनियम की बनी होती है, जिससे इसकी टूटने की संभावना कम रहती है। प्लेट के परावर्तक गुण के कारण रात्रि में प्रकाश पड़ने पर यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। वाहन निर्माता द्वारा लगाई गई एचएसआरपी नंबर प्लेट को निकालना या बदलना कठिन होता है, जिससे वाहनों के विभिन्न अपराधों में दुरुपयोग की संभावना समाप्त होती है।

### आवेदन की प्रक्रिया

परिवहन विभाग ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाएं। इसके लिए नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र या परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 1 नवंबर 2025 से जिन वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगी होगी, उनके परिवहन संबंधी कार्य नियमानुसार कार्यालय में नहीं किए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 279 ■ अम्बिकापुर, शनिवार 01 नवम्बर 2025


## रिश्ते में चाचा-भतीजा को पड़ोसी से पता चला उनके यहां का दरवाजा खुला है

# छठ पर्व मनाने गए परिवार के घर को चोरों ने खंगाला, नकदी सहित 8 लाख की चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छठ त्योहार मनाने डाल्टेनगंज गए परिवार के घर में चोरों ने धावा बोलकर नकदी सहित करीब 8 लाख रुपये का जेवरात चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पूजन कार्यक्रम से वापस लौटने के बाद घर स्वामी ने मणीपुर थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक मठपारा निवासी राजेश साहु पिता स्व. शिवनाथ साहु 50 वर्ष और उनका भतीजा अजीत गुप्ता व सुमित गुप्ता पूरे परिवार के साथ 25 अक्टूबर को अपने-अपने घर में ताला लगाकर डाल्टेनगंज स्थित पैतृक निवास में छठ पर्व मनाने गए थे। 29 अक्टूबर को पड़ोसी बुध सिंह की पत्नी के पास राजेश साहु की पत्नी रेणु देवी शाम लगभग 7 बजे फोन करके घर के बारे में पूछी तो सब कुछ ठीक था। अगले दिन 30 अक्टूबर को सुबह 6 बजे घर का दरवाजा खुला देखकर पड़ोसी की पत्नी फोन लगाकर पूछी कि आप लोग आ गए हैं क्या, जब उन्होंने डाल्टेनगंज में होने की जानकारी दी तो वह बताई कि घर का दरवाजा खुला



है और ताला टूटा हुआ है। इसकी सूचना मिलने पर उन्होंने पड़ोसी को घर का ध्यान रखने के लिए कहा और वे सपरिवार डाल्टेनगंज से 30 अक्टूबर को लगभग 11.30 बजे अंबिकापुर स्थित घर में पहुंचे, तो पता चला कि चोरों ने चाचा-भतीजा के घर के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अंदर जाने पर दोनों के रूम में रखा अलमारी का दरवाजा, लॉकर टूटा मिला। गहने का खाली डब्बा पड़ा हुआ था। चोरों ने अलमारी व घर के सामानों को बिखेर दिया था। इसकी सूचना उन्होंने सामानों को छेड़छाड़ किए बगैर तत्काल पुलिस थाना मणीपुर में दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल के अधिकारी ने फिंगर प्रिंट मिलने की संभावना पर घर को सील कर दिया। अगले दिन एफएसएल की टीम ने पूरे घर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि चोरों ने राजेश साहू के घर के अलमारी से गाड़ियों का किस्त पटाने के लिए अलमारी में रखा 80 हजार रुपये नकद व सोने के जेवरों में 1 अंगूठी, 1 झुमका, 1 चेन, 1 जोड़ी चांदी का पायल और उनके भतीजा अजीत गुप्ता के अलमारी में रखा नकद 1 लाख 27 हजार रुपये नकद व सोने के जेवरों में 1 हार, 1 जोड़ी कंगन, 1 मांग टीका, 1 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी लटकन, 1 अंगूठी, 1 ढोलना चौकी, 5 नग नाक का छुछी, चांदी के जेवरों में 1 कमरधनी, 1 मछली, 2 जोड़ी पायल, 1 कटोरी-चम्मच, 3 नग बच्चों का चांदी का बेड़ा, 2 जोड़ी बिछिया पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज करके चोरों का सुराग लगा रही है।

अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध कायम कर लिया गया है। ज्वेलरी दुकान संचालक को चोरी गए जेवरों से संबंधित कागज पेश करने के लिए कहा गया है। आगे की जांच जारी है।

**विश्व दीपक त्रिपाठी,**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

### उर्जानगर जरही में चोरों ने नकदी और लाखों का जेवर चोरी किया

सूरजपुर जिला के भटगांव थाना अंतर्गत उर्जानगर जरही में छठ पर्व मनाने दिल्ली गए परिवार के घर में धावा बोलकर चोरों ने नकदी सहित लाखों रुपये का जेवरात चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच में लिया है।

जानकारी के मुताबिक उर्जानगर कॉलोनी जरही के क्वाटर नंबर सी-14 में राजेश लाल पिता स्व. रामबिहारी 52 वर्ष अपने परिवार के साथ रहते हैं। 24 अक्टूबर को वे सुबह करीब 9 बजे अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ छठ पर्व मनाने दिल्ली गए थे। 29 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे वापस परिवार के साथ जरही स्थित घर का ताला खोलने के बाद दरवाजे को ढकेले तो अंदर से बंद था। खिड़की खोलकर देखे तो पूजा घर का दरवाजा खुला नजर आया। पीछे जाने पर दरवाजा खुला और टूटा मिला। अंदर पूजा रूम का ताला टूटा था और बेडरूम, पूजा घर में रखे दोनों अलमारी का लॉकर तोड़कर चोरों ने गद्दे, कपड़े, दिवान का पूरा सामान बिखेर दिया था। अलमारी के लॉकर में रखा नकद 50 हजार रुपये और सोने के जेवरातों में मांगटिका 6.390 ग्राम, नथिया चेन लगा हुआ 1 नग 5.900 ग्राम, कान का बाली 1 सेट 8.310 ग्राम, चेन 1 नग 11.850 ग्राम, चेन 1 नग 9.220 ग्राम, जेंट्स अंगूठी 1 नग 1.600 ग्राम, लेडिज अंगूठी 1 नग 2.850 ग्राम एवं चांदी के जेवरातों में कटोरी 200 ग्राम, पायल 1 सेट 125.4 ग्राम, पायल 1 सेट 79 ग्राम, बिछिया 3 सेट 22.6 ग्राम, 3 सेट सिंदुर पात्र 50 ग्राम, पाजेब 1 सेट 226 ग्राम गायब था। चोरी की घटना को 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे के बीच अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसपी बंगला से 500 मीटर के फासले पर ज्वेलरी दुकान से लाखों का सोना-चांदी चोरी



**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय में अपराधियों के हौसले इतना बुलंद है कि वे पुलिस अधीक्षक के आवास से महज कुछ दूरी पर स्थित ज्वेलरी दुकान को ही निशाना बना डाले। घटना गुरूवार-शुक्रवार के दरम्यानी रात की है।

जानकारी के मुताबिक चोरों ने मुख्यालय के व्यस्त चांदो चौक में स्थित धनंजय ज्वेलर्स में धावा बोलकर करीब 4-5 सौ ग्राम सोना और करीब 13-14 किलो चांदी पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। तत्काल इसकी सूचना दुकान संचालक अजय सोनी को दी गई। सूचना मिलते ही उन्होंने बलरामपुर सिटी कोतवाली को घटना से अवगत कराया। मौके पर पुलिस बल के साथ डॉग स्क्वाड की टीम भी पहुंची और जांच शुरू की। दुकान मुख्यालय के अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है, यहां से महज 500 मीटर की दूरी पर पुलिस अधीक्षक का बंगला है, इसके बावजूद चोरों ने निडर होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जो सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है, और रात्रि पेट्रोलिंग पर भी पुलिस पर सवाल उठ रहा है।

#### कॉलोनी में चोरी की वारदात का भी पर्दाफास नहीं

बता दें कि जून माह में भी एसडीएम कार्यालय के सामने जे.डी. कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी, जिसमें कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ स्टेनो, रीडर सहित छह सरकारी कर्मचारियों के घरों का ताला टूटा था। इस प्रकरण के आरोपी आज तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इधर ज्वेलरी दुकान में हुई बड़ी घटना से लोगों में भय का माहौल है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण अपराधियों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं।

# आदिवासी समुदाय ने प्रतापपुर विधायक का जाति प्रमाणपत्र फर्जी होने का आरोप लगाया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रतापपुर विधानसभा की विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र को सवालों के घेरे में लेते हुए फर्जी और कूटरचित होने का आरोप आदिवासी समुदाय ने लगाया है। कहना है कि विधायक का जाति प्रमाण पत्र पति पक्ष से बना है, जो किसी भी रूप में वैध नहीं है। आदिवासी समाज का कहना है कि जाति प्रमाणपत्र पिता पक्ष से बनता है, न कि पति पक्ष से। इस आधार पर उन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा और अपनी राजनीतिक यात्रा भी शुरू की।



धन सिंह धुर्वे, मुन्ना सिंह और रामवृक्ष ने शुक्रवार को एक होटल में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि विधायक के जाति प्रमाण पत्र की जांच के लिए कलेक्टर बलरामपुर और सूरजपुर को आवेदन दिया गया था, जिसमें पाया गया कि बिना किसी प्रमाण के जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। दस्तावेजों का अभाव होने के कारण यह प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी और कूटरचित प्रतीत हो रहा है। अंबिकापुर और बलरामपुर के अभिलेखागार में भी इस जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कोई रिकॉर्ड नहीं पाया गया है। धन सिंह धुर्वे ने बताया कि इस मामले में गोंड़ समाज की जयश्री सिंह ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने 17 जून 2025 को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया था। अदालत ने जिला स्तरीय छानबीन समिति और उच्च स्तरीय छानबीन समिति रायपुर को निर्देशित किया कि वे इस मामले की तुरंत जांच करें और आवश्यक कार्रवाई करें। इसके बाद जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति, बलरामपुर ने विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते को तीन बार 28 अगस्त, 15 सितंबर और 29 सितंबर 2025 को नोटिस जारी किया। इन नोटिसों में विधायक से जाति प्रमाण पत्र के संबंध में मूल दस्तावेज और अन्य सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया। हालांकि, विधायक ने इन नोटिसों का कोई जवाब नहीं दिया और न ही संबंधित दस्तावेज समिति के सामने प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप समिति ने यह निष्कर्ष निकाला कि जाति प्रमाण पत्र फर्जी और कूटरचित है।

#### वास्तविक आदिवासी उम्मीदवार का हक मारा

आदिवासी समाज ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उनका आरोप है कि विधायक ने फर्जी आदिवासी प्रमाणपत्र के आधार पर आदिवासी समुदाय के आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा और विधायक बनीं, जिससे सही आदिवासी उम्मीदवार का हक मारा गया, जिससे प्रतापपुर विधानसभा के आदिवासी समुदाय में गहरी नाराजगी है।

#### आदिवासी समाज ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

आदिवासी समुदाय ने बलरामपुर और सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि उच्च न्यायालय के आदेश के चार महीने बाद भी जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर विधायक का जाति प्रमाण पत्र निरस्त नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। आदिवासी समाज ने कहा है कि जब तक जाति प्रमाणपत्र निरस्त नहीं होगा, आंदोलन अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।

जिन्हें प्रमाणपत्र फर्जी लग रहा है उन्होंने न्यायालय में लगाया है। मामला कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट निर्णय करेगा।

**शकुंतला पोर्ते**
**विधायक प्रतापपुर विधानसभा**






### इलाज के दौरान बीमार महिला की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम आरा निवासी बीमार महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने संदेह निवारण के लिए मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम आरा निवासी वृजमति सिंह पति नेहरूलाल मरकाम 40 वर्ष का 27 अक्टूबर को तबियत खराब हो गया था। सास को उल्टी-दस्त और पेट में दर्द होने पर बहू पुष्पा फोन करके इसकी जानकारी अपने पति अर्जुन सिंह को दी। इसकी जानकारी मिलने पर वह बरियों से अपने घर पहुंचा और मां वृजमति सिंह को राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया था। 29 अक्टूबर को तबियत ज्यादा खराब होने पर वह उसे होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचा, इलाज के दौरान 30 अक्टूबर को शाम 6.20 बजे उसकी मौत हो गई।

# आपातकालीन दरवाजे नट बोल्ट से कसे हुए, फर्स्ट एड बॉक्स में एक्सपायरी दवा

**स्लीपर व सेमी स्लीपर डीलक्स बसों में फायर सेफ्टी से संबंधित सुरक्षा मानकों में मिली कमी**

### परिवहन अधिकारी ने कमियों को दूर करने दी हिदायत, नहीं तो होगी चालानी कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** स्लीपर और सेमी स्लीपर डीलक्स बसों में फायर सेफ्टी से संबंधित सुरक्षा मानकों को लेकर परिवहन विभाग एक्शन मोड में है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में परिवहन उड़न दस्ता द्वारा बस स्टैंड में 30 अक्टूबर को जांच की गई और सुरक्षा मानकों में कमी पाने पर इन्हें दूर करने की हिदायत दी, नहीं तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी के नेतृत्व में बस स्टैंड अंबिकापुर में एसी डीलक्स एवं सेमी डीलक्स स्लीपर बसों की फायर सेफ्टी सुरक्षा मानक से संबंधित जांच की गई। परिवहन विभाग की टीम द्वारा लगभग 15 बसों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि वाहन स्वामियों द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी करके बसों का संचालन लंबे रूट पर किया जा रहा है। कुछ बसों में फायर एक्सटिंग्विशर नहीं पाया गया या एक्सपायर पाया गया, जबकि कुछ बसों में आपातकालीन दरवाजे नट बोल्ट से कसे हुए पाए गए, जो आपात स्थिति में खुलने योग्य नहीं थे। साथ ही बसों में फर्स्ट एड बॉक्स की जांच की गई, जिसमें दवाएं एक्सपायरी डेट की पाई गई। हाल ही में देश में कुछ घटनाएं एसी बसों में आग लगने की हुई है, जिसे लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रूप अपनाया है। क्षेत्रीय अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि इस प्रकार की कमियां जिन बसों में पाई गई हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा तथा कमियों को दूर करने की सख्त हिदायत दी गई है। इसके बाद भी वाहन स्वामियों द्वारा सुधार नहीं किया गया तो विभाग के द्वारा ऐसे वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी सील और हस्ताक्षर करके वन अधिकार पट्टा बनवाने के मामले में केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वनमण्डलाधिकारी, कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त का फर्जी सील बनाकर हस्ताक्षर करने व फर्जी वन अधिकार पट्टा बनवाने के मामले में भटगांव थाना पुलिस ने तहसीलदार के द्वारा की गई लिखित शिकायत पर ग्राम बुंदिया निवासी महिला के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।जानकारी के मुताबिक सरपंच ग्राम पंचायत बुंदिया व ग्रामीणों ने न्यायालय तहसीलदार भटगांव के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करके गांव के फुलकुंवर पति बिरझु, बाबूलाल पिता लच्छु, दिरन राम पिता शिवा, अमेलाल पिता जगमोहन, कपिल टोप्पो पिता शिवा, जीवन लकड़ा पिता अघनु, सफिल पिता शिवा, सुनीता पिता अमेलाल, फुलबाई पिता दुहन, सुनीता पति मोहरसाय के द्वारा वन मण्डलाधिकारी, कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त का फर्जी सील बनवाकर व हस्ताक्षर करके फर्जी वन अधिकार पघ्ट्टा बनवाने का आरोप लगाया था, और फर्जी पट्टा को निरस्त करने का आग्रह किया था। आवेदन पर न्यायालय तहसीलदार भटगांव ने राजस्व प्रकरण 2023-2024 में पक्षकार समस्त ग्रामवासी की ओर से फुलकंवर पति बिरझु व अन्य 8 दर्ज करके राजस्व निरीक्षक व अधीक्षक भू-अभिलेख सूरजपुर को जारी पट्टा के जांच हेतु ज्ञापन जारी किया था। तत्संबंध में राजस्व निरीक्षक भटगांव एवं अधीक्षक भू अभिलेख जिला सूरजपुर ने बताया कि ग्राम बुंदिया के 9 वन अधिकार पत्रधारियों को जिला कार्यालय द्वारा वन अधिकार पत्र प्रदान नहीं किया गया है। प्रकरण में आए जांच तथ्यों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि अनावेदक फुलकुंवर, बाबूलाल, दिरन राम, अमेलाल, कपिल टोप्पो, जीवन लकड़ा, सफिल, सुनीता, फुलबाई के द्वारा वाद भूमि में वर्ष 2008-09 से फर्जी पट्टा बनवाकर अवैध कब्जा किया गया है। फर्जी पट्टा को निरस्त करने के लिए प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान को प्रेषित किया गया था। न्यायालय द्वारा फर्जी पट्टा को निरस्त करते हुए अनावेदकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। मामले में प्रभारी अभिलेखागार प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर को ज्ञापन दिनांक 9 अक्टूबर के तहत व्यवहार न्यायालय में प्रक्रियाधीन व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया। इस पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### दीपावली के दिन जल गया मंदिर, सदमे में आई नवविवाहिता जहरीले दवा का सेवन की,मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दीपावली के दिन पूजा-पाठ के बाद मंदिर जलने से व्यथित नवविवाहिता खरपतवार नाशक दवा का सेवन कर ली, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने तहसीलदार व मायके-ससुराल पक्ष के मौजूदगी में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के मुताबिक जशपुर जिला के पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम मोड़ेकेला की लक्ष्मी बेहरा 22 वर्ष का विवाह तीन वर्ष पूर्व राजेश बेहरा के साथ हुआ था। दोनों सुखी दाम्पत्य जीवन व्यतीत कर रहे थे। दीपावाली के दिन 20 अक्टूबर को लक्ष्मी अपने घर में पूजा करने के बाद किराना दुकान में पूजा करने गई थी। पूजा-पाठ करने के बाद मंदिर में दिया जलाकर रखी, इस दौरान अचानक मंदिर में आग पकड़ लिया, जिसमें मंदिर और अंदर रखा पूरा सामान जल गया था। मंदिर में आग लगे देखकर वह इसे बुझाने का भी प्रयास की, जिसमें उसका बायां हाथ और पैर भी आंशिक रूप से जल गया था। दीपावाली के दिन पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-पाठ करने के बाद हुई इस घटना से वह काफी व्यथित हो गई थी। स्वजन उसे बड़ा हादसा टल गया, कहते हुए दिलासा देने में लगे थे, लेकिन उसके दिलो-दिमाग से मंदिर का आग की चपेट में आने का परिदृश्य नहीं हट रहा था, जिस कारण वह सदमे में थी। अगले दिन सुबह उठने के बाद लक्ष्मी खाना बनाई और परिवार के लोगों को खाना खिलाने के बाद बगल में स्थित पुराने घर में रखे खरपतवार नाशक दवा का सेवन कर ली। इस पर उसके पति की नजर पड़ी और वह उसके हाथ से जहरीली दवा को लेकर फेंक दिया था। स्वजन उसकी स्थिति बिगड़ते देख सीतापुर स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, यहां दो दिन तक चले उपचार के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। चिकित्सक के द्वारा रेफर करने पर स्वजन उसे माता राजरानी मेमोरियल अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। मायके और ससुराल पक्ष के लोगों की मौजूदगी में न्यायिक अधिकारी के समक्ष पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम कराया है, और शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया है। घटना से पूरा परिवार शोकाकुल है।

## सम्पादकीय

# बड़ी उपलब्धि, आखिरी सांसें गिन रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने के कगार पर आ गया है। परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से यह अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। कभी देश के 128 जिले नक्सलवाद के शिकंजे में थे, लेकिन अब इनकी संख्या महज 6 रह गई है। यहां भी नक्सली नेता एक-एक करके सरेंडर कर रहे हैं। बीते दिनों सीपीआई (माओवादी) के सेंट्रल कमेटी मेंबर पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश उर्फ प्रभात ने सरकार के सामने सरेंडर किया तो साफ हो गया कि देश केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए 31 मार्च तक नक्सलवाद सफाए के लक्ष्य को पाने के करीब है। चंद्रन्ना नक्सलियों के ऐसे कमांडर रहे, जिसकी पहुंच कई राज्यों में है। हथियार जुटाने और फंड उगाहने में माहिर चंद्रन्ना के सरेंडर करने के बाद यह माना जा रहा है कि नक्सल आंदोलन की बस अब कुछ सांसें बाकि हैं। अचानक बड़े नक्सली नेताओं के आत्मसमर्पण को सुरक्षा बलों की जीत के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले दो महीने में मोस्ट वॉन्टेड नक्सलियों के शीर्ष कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वालों में एक करोड़ के इनामी नक्सली मल्लाजोलु वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति, केंद्रीय समिति के सोनू, हार्डकोर कमांडर रुपेश, मारे गए नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी सुजाता भी शामिल रहीं। अब पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश भी इस लिस्ट में शामिल हो गए। गृह मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक 1,225 नक्सलियों ने सरेंडर किया और करीब 270 नक्सली मारे गए। 680 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। असल में केंद्र सरकार ने नक्सल आंदोलन को खत्म करने के लिए दोहरी नीति अपनाई है, वह रंग ला रही है। एक तरफ सुरक्षा बल टेक्नोलॉजी की मदद से माओवादियों के गढ़ में आक्रामक अभियान चला रहे हैं, दूसरी ओर सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की योजना शुरू की गई है। सरेंडर करने वाले मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति को स्टील और खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने की पेशकश की। सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास पैकेज के तहत चंद्रन्ना को 25 लाख और प्रकाश को 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। यह उन नक्सलियों के लिए मैसेज है, जो हथियार छोड़ना चाहते हैं। सरकार का इशारा साफ है कि अगर कोई अहिंसा का रास्ता अपनाना चाहता है तो सरकार उसका पूर्ण सहयोग करेगी। वैसे भी अनेक ऐसे नक्सली सामने आ रहे हैं, जिनका हिंसा से मोहभंग हो गया है। यही कारण है कि नक्सलवाद के बड़े कमांडर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बड़े माओवादी नेताओं के सरेंडर करने के कारण नक्सल आंदोलन से जुड़ने वाले युवा भी हतोत्साहित हो रहे हैं। आत्मसमर्पण के पीछे नेतृत्व में आंतरिक कलह, बढ़ती उम्र को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। संगठन में कलह के चलते एक धड़ा सरेंडर कर रहा है। संगठन दो गुटों में बंटा हुआ है। भूमिगत कार्यकर्ता और सदस्य अपनी-अपनी राहें चुन रहे हैं। सुरक्षा बलों के तेज प्रहार के कारण भी नक्सल आंदोलन कमजोर हुआ है। कारण चाहे जो भी रहे हों। ये सही है कि नक्सलवाद खत्मे की ओर है, जो देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है।

## विश्लेषण



हरदीप सिंह पुरी

# भाजपा ने नेतृत्व को पुनर्परिभाषित किया

> वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है।

आजाद भारत के इतिहास में राजनीति ज्यादातर समय हक की एक ऐसी भावना से प्रभावित रही, जिसने विरासत और वैधता के बीच घालमेल किया। एक परिवार और एक पार्टी को यह लगने लगा कि वे शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं। गुजरते वक्त के साथ, इस मानसिकता ने संस्थाओं को खोखला कर दिया और पीढ़ियों को राजनीतिक विशेषाधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार मानने के लिए प्रेरित किया। इस धारणा को अब योग्यता, जवाबदेही और प्रदर्शन पर आधारित नई राजनीतिक नैतिकता द्वारा चुनौती दी जा रही है। हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित "वन नेशन, ए फ्यू फैमिलीज" शीर्षक लेख में भारत में वंशवादी राजनीति के जारी रहने को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। यह लेख जिस मुद्दे को उजागर करता है वह वास्तविक तो है, लेकिन उसकी व्याख्या अधूरी है। वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता।

यह एक मौलिक अंतर है। राजनीतिक रिश्तेदारी अपने आप में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वंशानुगत नियंत्रण एक समस्या है। जब नेतृत्व एक ही परिवार की मिल्कियत बन जाए, जब आंतरिक बहस की जगह रक्त संबंधों के प्रति निष्ठा ले ले, तो लोकतंत्र मुरझा जाता है। राजनीतिक संस्कृतियों के बीच का यह अंतर काफी गहरा है। वर्ष 2000 से, भारतीय जनता पार्टी के आठ राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं- बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा। ये सभी अलग-अलग क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमि से आए हैं और इनमें से प्रत्येक संगठनात्मक कार्य के अनुशासन के रास्ते आगे बढ़े हैं। इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस के मात्र तीन अध्यक्ष ही हुए हैं, जिनमें से दो गांधी परिवार से हैं। सोनिया गांधी उन्नीस वर्षों तक इस पद पर रहीं और आज भी पार्टी में इस परिवार का निर्णय ही अंतिम होता है। आकस्मिक रिश्तेदारी और संस्थागत कब्जे के बीच अंतर किए बिना ही, प्रकाशित विश्लेषण राजनीति में रिश्तेदारों वाले विधायकों की संख्या की गिनती करता है। भाजपा के 2,078 विधायकों में से 84 राजनीतिक परिवारों से आते हैं, जो लगभग चार प्रतिशत है। कांग्रेस के 857 विधायक हैं, जिनमें से 73 वंशवादी हैं, जो लगभग नौ प्रतिशत है। आनुपातिक रूप से मापने पर, कांग्रेस का वंशवादी घनत्व दोगुना है। फिर भी, इस लेख में संख्याओं की गिनती का हवाला देकर एक झूठी समरूपता गढ़ी गई है। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। समाजवादी पार्टी की बागडोर मुलायम सिंह यादव से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। राष्ट्रीय जनता दल यादव परिवार के ही अधीन है। द्रमुक की लगाम एम. करुणानिधि से एम. के. स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन के पास चली गई। तृणमूल कांग्रेस



ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के इर्द-गिर्द ही घूमती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सोरेन परिवार का नियंत्रण बना हुआ है। ये बहुलवादी नेतृत्व के नहीं, बल्कि विरासत में मिले नेतृत्व के उदाहरण हैं। परिवार को हटा दिया जाए, तो पार्टी ढह ही जाए। इस बात को समझने के लिए कि भाजपा अलग तरह से क्यों काम करती है, हमें इसके संस्थागत ढांचे पर गौर करना होगा। भाजपा का संगठन स्तरीकृत, सामूहिक और लक्ष्य-उन्मुख है। वहां कार्यकर्ताओं को बहुत जल्दी ही पहचान लिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है और बूथ, मंडल, जिला और राज्य स्तर पर जिम्मेदारी देकर परखा जाता है। प्रत्येक चरण में किया गया प्रदर्शन अगले अवसर का निर्धारण करता है। चुनाव जीते जाने वाली प्रतियोगिताएं होती हैं, लेकिन ये संगठन की लामबंदी, लोगों को समझाने और परिणाम देने की क्षमता का भी लेखा-जोखा होती हैं। यह संरचना एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करती है जिसमें सेवा, अनुशासन और परिणाम ही आगे बढ़ने के पैमाने हैं। नेतृत्व की पाइपलाइन की भी यही कहानी है। वर्ष 2014 से पार्टी ने पहली पीढ़ी के वैसे नेताओं को आगे बढ़ाया है जो भारत की सामाजिक गतिशीलता को दर्शाते हैं। छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने निरंतर जमीनी स्तर पर काम करके अपना करियर बनाया। ओडिशा में मोहन माझी ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिलने से पहले संगठन और विधानमंडल में वर्षों बिताए। हरियाणा में नायब सिंह सैनी एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और राजस्थान में भजन लाल शर्मा वर्षों तक निर्वाचन क्षेत्र में काम करके और पार्टी की जिम्मेदारी निभाकर आगे बढ़े। इनमें से किसी को भी राजनीतिक पद विरासत में नहीं मिला। इनमें से प्रत्येक इस बात के उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि एक योग्यता-आधारित पार्टी में नेतृत्व कैसे अर्जित किया जा सकता है। भाजपा का संसदीय और सरकार में रहने का अनुभव भी पहुंच और प्रभुत्व के बीच के अंतर को दर्शाता है। कई युवा नेताओं को दृश्यता और जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन उनका मूल्यांकन उनके काम के आधार पर किया जाता है। मंत्रियों का मूल्यांकन परिणामों, सुधारों और जन संवाद के आधार पर किया जाता है। पार्टी के पद समयबद्ध और प्रदर्शन से जुड़े होते हैं। इससे त्रुटि या महत्वाकांक्षा समाप्त नहीं होती और न ही कोई भी संस्था ऐसा कर सकती है। लेकिन यह कवायद ऐसे प्रोत्साहन पैदा करती है, जो वंशावली की तुलना में योग्यता को प्राथमिकता देते हैं। इतिहास को स्वीकार करना जरूरी होता है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय कल्पना में राजनीतिक विरासत को आम बात बना दिया। वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस से लेकर तृणमूल तक, कई क्षेत्रीय वंशवादी संगठन कांग्रेस की ही शाखाएं हैं और उन्होंने उसके वंशानुगत ढांचे की नकल की है। दशकों से इस संस्कृति ने राजनीतिक दलों को ऐसे पारिवारिक उद्यमों में बदल दिया है, जहां विचारधारा की जगह निष्ठा ने ले ली और नेतृत्व के विकास की जगह उत्तराधिकार के नियोजन ने ले ली। यह मॉडल कुछ समय तक चुनावी सफलता तो दिला सकता है, लेकिन यह शायद ही कभी टिकाऊ संस्थाओं या सक्षम नेताओं की एक व्यापक श्रृंखला का निर्माण कर पाता है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है। इस मायने में, भाजपा एक अनूठी पार्टी है। इसलिए नहीं कि वह पूर्णता का दावा करती है, बल्कि इसलिए कि उसने एक ऐसी संस्कृति विकसित की है जो नेतृत्व अर्जित करने पर जोर देती है। भारत के सार्वजनिक जीवन में यही वह खूबी है जिसे बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि यह सत्ता को जवाबदेही से और महत्वाकांक्षा को सेवा से जोड़ती है।

*(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## मममम

आदर्श सिंह



# बाल विवाह के खात्मे व सतत विकास लक्ष्यों के करीब भारत

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान दुनियाभर से जुटे बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह के खात्मे की धीमी रफ्तार के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में हो रही देरी पर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य 5.3 में बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली सभी प्रथाओं जैसे बाल विवाह व महिलाओं के जननांगों को विकृत करने की कुरीति पर 2030 तक पूरी तरह रोक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर 193 देशों ने दस्तखत किए हैं। बाल विवाह का खात्मा सतत विकास लक्ष्य 3 (अच्छा स्वास्थ्य व सेहत) और सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) को हासिल करने की भी बुनियादी शर्त है। इसके पीछे कारण यह है कि कम उम्र में बाल विवाह के नतीजे में कम उम्र में मां बनने से जच्चा-बच्चा दोनों की जान को खतरा तो होता ही है, दोनों के कुपोषित होने का खतरा भी रहता है। साथ ही, बाल विवाह का एक दुष्परिणाम यह होता कि शादी के बाद 10 में से सिर्फ दो लड़कियां ही पढ़ाई जारी रख पाती हैं। यानी यह बच्चियों की शिक्षा व पढ़-लिख कर अपने पांव पर खड़े होने की संभावनाएं ही समाप्त कर देता है जो सीधे-सीधे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सबसे बड़ी रुकावट है। भारत उन देशों में शुमार है जहां बाल विवाह की समस्या हमेशा से विकराल रही है और इसी वजह से माना जा रहा था कि भारत के लिए इन सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना मुश्किल है। इसकी वजह हैं निराशाजनक आंकड़े। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे -5 (2019-21) के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 साल की होने से पहले यानी कानूनी रूप से शादी की वैध उम्र से पहले ही हो गया था। सुशिक्षित लोगों का प्रदेश माना जाने वाला पश्चिम बंगाल इस मामले में शीर्ष पर है जहां बाल विवाह की दर 41.6 प्रतिशत है। इसके बाद बिहार (40.8), त्रिपुरा (40.1), झारखंड (32.2) और असम (31.8) आते हैं। देश में बाल विवाह की सबसे ऊंची दर वाले दस जिलों में तीन पश्चिम बंगाल के और पांच बिहार के हैं। इन सभी जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा है। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में बाल विवाह की दर 57.6 प्रतिशत है जबकि बिहार के लखीसराय और सुपौल में यह 56.1 और 55.9 प्रतिशत है। देश के 15 जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा जबकि 45 जिलों में 40 प्रतिशत से ज्यादा है। बाल विवाह से पीड़ित दुनिया की एक तिहाई लड़कियां अकेले भारत में है। लेकिन सितंबर 2025 में जारी एक रिपोर्ट 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों की बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत जबकि लड़कों के बाल विवाह की दर में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। जाहिर है कि ये आंकड़े अप्रत्याशित हैं। लेकिन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) की ओर से तैयार की गई इस सर्वे रिपोर्ट में बाल विवाह के आंकड़ों के बजाय इसमें गिरावट के कारणों को समझना कहीं अहम होगा। देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए इन आंकड़ों के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियों और एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे कारगर साबित हुए हैं। इसी का नतीजा है कि लड़कियों के बाल विवाह के खिलाफ सबसे बड़ी गिरावट असम में देखने को मिली जहां राज्य सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ रखा है। बिहार व महाराष्ट्र में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 70 प्रतिशत जबकि राजस्थान में 66 प्रतिशत की कमी आई है और इन राज्यों में सर्वे में शामिल लोगों ने श्रेय जागरूकता अभियानों और प्रोत्साहन उपायों को दिया। हालांकि किसी निष्कर्ष पर अगले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे या जनगणना के आंकड़ों से ही पहुंचना संभव होगा, लेकिन माना जा रहा है कि फिलहाल देश में बाल विवाह की दर घटकर 15 प्रतिशत के आसपास आ चुकी है। यह बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक लंबी लड़ाई का नतीजा है जिसमें पहली बार सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज एक साथ आए और समन्वित प्रयासों को अंजाम दिया। कानून पर सख्ती से अमल किया गया। वह दिन दूर नहीं, जब भारत जल्दी ही इस लड़ाई में 'टिपिंग प्वाइंट' यानी वह मुकाम जहां से समस्या अपने आप खत्म होने लगती है, तक पहुंच जाएगा जो हमें सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के करीब पहुंचाएंगे।

*(लेखक बाल अधिकारों की मुहिम से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित

**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कालकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

# योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित

**प्रेरणा**

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप दिखाए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## सटाका




## आज की पाती

### पराली का हो उचित प्रयोग

पराली को जलाना वायु को तो प्रदूषित करती ही है, साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता को भी कम करती है। किसानों को यह समझना और समझाना जरूरी है कि अगर वो पराली को ऐसे ही जलाते रहेंगे तो उनके खेत बंजर भी हो सकते हैं। अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉन हॉफस्ट्रैंड के अनुसार हम जिस पराली को परेशानी समझ रहे हैं, वह ऊर्जा का बेशकीमती स्रोत है। धान, मक्का, गेहूं जैसी फसलों के अवशेष का इस्तेमाल फाइबर बोर्ड और कागज बनाने में किया जा सकता है। अगर पेपर इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल हो तो कागज बनाने के लिए जरूरी फाइबर का लगभग चालीस फीसदी हिस्सा फसलों के अवशेष से मिल सकता है। इस तरह पराली का सही उपयोग सुनिश्चित बनाना होगा। - *महेश सराफ, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### उर्वरकों पर सब्सिडी



हम किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए रबी सीजन के लिए फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी दी है। इससे उनकी कमाई भी बढ़ेगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चुनाव आयोग निष्पक्ष



चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है और वह एक स्वायत्त संस्था है। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई परन्तु चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर भी कांग्रेस और आरजेडी ने आरोप लगा दिए।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### जीव-जंतुओं का संरक्षण



मां नर्मदा जी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश को मिल रहा है...प्रदेश सरकार जीव-जंतुओं के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए सतत कार्य कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में चंबल नदी में घड़ियालों का पुनर्वास किया गया था, कल जीवनदायिनी नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े जाएंगे।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### अफसरशाही से मुक्ति



देश में 75 साल में ऐसा सिस्टम बन गया कि एक भी सरकारी काम बिना रिश्वत या बिना चक्कर काटे नहीं होता। अब पंजाब में लोगों को अफसरशाही से मुक्ति मिलेगी, सिर्फ एक कॉल पर सुविधाएं घर बैठे मिलेंगी।

- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका तीन साल बाद 'ग्रे सूची' से बाहर निकला




दक्षिण अफ्रीका को करीब तीन साल बाद वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची से बाहर निकलने में सफलता मिली है। वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह पेरिस में अपनी तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के समापन के बाद इस निर्णय की घोषणा की। एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल देशों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और ऐसे देशों को धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण आदि का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक कमियों को दूर करना होता है। दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'गत 32 महीनों में, दक्षिण अफ्रीका ने कार्य योजना की प्रगति का आकलन करने के लिए एफएटीएफ द्वारा नियुक्त समीक्षकों की एक टीम के साथ काम किया है।' बयान के मुताबिक, 'इस सहयोग की वजह से जुलाई 2025 के अंत में समीक्षकों ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान समीक्षक सुधारों की स्थिरता की पुष्टि करने के लिए यहां आए और उनके द्वारा तैयार रिपोर्ट एफएटीएफ के समक्ष प्रस्तुत की गई।' बयान में कहा गया कि एफएटीएफ को आश्वासन दिया गया कि सरकार धन शोधन निरोधक और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने (एएमएल/सीएफटी) वाली प्रणाली में स्थायी सुधार के लिए प्रतिबद्धता है।

## ऑफ बीट

# 'चैटजीपीटी एटलस' से इंटरनेट ब्राउजिंग का नया दौर होगा शुरू




ओपनएआई ने पिछले सप्ताह 'चैटजीपीटी एटलस' नामक वेब ब्राउज़र पेश किया जिसे इंटरनेट के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह बदलने वाला कदम बताया जा रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने इसे "दशक में एक बार मिलने वाला अवसर" बताते हुए कहा कि यह लोगों के इंटरनेट उपयोग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एटलस को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह उपयोगकर्ता के साथ हर वेबसाइट पर सक्रिय रहे, उनकी पसंद याद रखे, लेखों का सारांश दे और फ्लाइट बुक करने या किराने का सामान ऑर्डर करने जैसे कार्य तक स्वचालित रूप से पूरा करे। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस अत्याधुनिक तकनीक के पीछे गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी खतरे छिपे हैं, जिनसे आम उपयोगकर्ता निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। 'एजेंट मोड' : सुविधा के साथ जोखिम एटलस की सबसे बड़ी खासियत इसका "एजेंट मोड" है, जो चैटजीपीटी को उपयोगकर्ता की ओर से वेब पर अर्ध-स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपयोगकर्ता कहे "मेरे पास के किसी कॉकटेल बार में टेबल बुक करो", तो यह सुविधा न केवल विकल्प ढूंढेगी, बल्कि स्वत: बुकिंग करने का प्रयास भी करेगी।

## एसआईआर का फार्म भरना होगा आसान, बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे प्रपत्र

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के तहत फार्म भरना काफी आसान बना दिया है।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय मे मामला

क्रमांकः 202510031100043
सत्तः- 2025-2026
विषयः- अ-2
मामले की श्रेणीः- राजस्व
पत्थलगांव प.ह.न. 00006 [1093/1/ख (0.0080 हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- हर्ष अग्रवाल पिता श्यामसुंदर अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्ष अग्रवाल पिता श्यामसुंदर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव, तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पत्थलगांव प. ह. नं. 06 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 1093/1/ख रकबा 0.008 हे. (80 वर्गमीटर) का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 19.11.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार

मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2025 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,
पत्थलगांव जिला जशपुर छ०ग०

## महावतार बाबा की गुफा में कोविंद ने किया 'ध्यान'

अल्मोड़ा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उत्तराखंड दौरे पर हैं। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने अल्मोड़ा में



महावतार बाबा की गुफा में 'ध्यान' लगाया। महावतार बाबा की गुफा दूनागिरी की पहाड़ियों में ध्यान लगाया।

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

**ईश्तहार**


**रा०प्र०क्र०-/अ-6/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अशोक कुमार गुप्ता आ.स्व. श्री कन्हैया लाल गुप्ता, उम्र लगभग 75 वर्ष, जाति सौण्डिक, निवासी गुदरी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा तदाशय का का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक की माता रेश्मी देवी पति स्व. श्री कन्हैया लाल गुप्ता के स्वामित्व व अधिपत्य की शीट नं. 03. मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं. 1139/3, 1139/8 रकबा क्रमशः 0.17 3/4, 0.09 3/4 एकड़ भूमि स्थित है। भूधारक रेश्मी देवी की मृत्यु दिनांक 19.12.2022 को हो गई रांत फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने उपरांत अभिलेख से मृत्तक भूधारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदक द्वारा भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-10/10/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## ननि की जमीन पर बनी संजौली मस्जिद गिरेगी

शिमला। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर जिला अदालत ने गुरुवार का अपना फैसला सुना



दिया है। अदालत ने मस्जिद के सभी ढांचों को पूरी तरह से गिराने का आदेश दिया है। ऐसा करके अदालत ने शिमला नगर आयुक्त के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की अपील को खारिज कर दिया।

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – पटियाडाड़ प.ह.नं. 16**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालेश्वर पिता दुबलाल जाति कंवर निवासी ग्राम पटियाडाड़ प.ह.न. 16 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्री अंकिता पैकरा आ. बालेश्वर का जन्म दिनांक 18/08/2009 को ग्राम पटियाडाड़ में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री अंकिता पैकरा आ. बालेश्वर का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत पटियाडाड़ को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 05/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 22/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान

### न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम अमरपुर की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका परमेशवर पिता/पति स्व. सोमारसाय जाति रजवार निवासी अमरपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा गौरी निवासी अमरपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 08/09/2005 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 04/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.

### न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला सरगुजा (छ०ग०)

**::ईश्तहार::**

**रा.प्र.क.//बी-121/24-25**
**ग्राम मोहनपुर तहसील दरिमा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि, आवेदक नेहरू लाल पिता बघवा निवासी ग्राम मोहनपुर थाना 0तहसील दरिमा जिला सरगुजा के द्वारा जन्म / मृत्यु के पंजीयन कराने हेतु स्वंय का शपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, विलंब शुल्क चलान की प्रति सहित जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13 (3) एवं छ०ग० जन्म / मृत्यु रजि० नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने माता सीता पति बघवा का मृत्यु दिनांक 11/07/2003 को ग्राम मोहनपुर में होना बतलाते हुये जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आप उक्त संबंध में स्पष्ट जॉच कर जॉच प्रतिवेदन मय-पंचनामा एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
दरिमा
जिला सरगुजा (छ०ग०)

### न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम जामपारा की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आशोक कु. राजवाडे पिता/पति प्यारे लाल जाति रजवार निवासी जामपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा अंकित राजवाडे निवासी जामपारा का जन्म/मृत्यु दिनांक 06/10/2025 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 04/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.

### न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला सरगुजा (छ०ग०)

**::ईश्तहार::**

**रा.प्र.क.//बी-121/24-25**
**ग्राम मोहनपुर तहसील दरिमा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि, आवेदक नेहरू लाल पिता बघवा निवासी ग्राम - मोहनपुर थाना 0तहसील दरिमा जिला सरगुजा के द्वारा जन्म / मृत्यु के पंजीयन कराने हेतु स्वंय का शपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, विलंब शुल्क चलान की प्रति सहित जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13 (3) एवं छ०ग० जन्म/मृत्यु रजि० नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने अपने भाई लालबहादुर पिता स्व० बघवा का मृत्यु दिनांक 23/04/2019 को ग्राम मोहनपुर में होना बतलाते हुये जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आप उक्त संबंध में स्पष्ट जॉच कर जॉच प्रतिवेदन मय- पंचनामा एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
दरिमा
जिला सरगुजा (छ०ग०)

### न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम अमरपुर की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका परमेशवर पिता/पति स्व. सोमारसाय जाति रजवार निवासी अमरपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा लोकेश प्रशाद निवासी अमरपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 08/09/2005 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 04/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – प.ह.नं.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता रामसेवक जाति बियार निवासी ग्राम बांसापारा प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्र हर्ष कुमार आ. संतोष कुमार का जन्म दिनांक 24/05/2018 को ग्राम बांसापारा में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र हर्ष कुमार का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बांसापारा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 04/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – भवराही प.ह.नं. 06**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राण सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम भवराही प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्र योगेश कुमार सिह का जन्म दिनांक 29/05/1994 को ग्राम भवराही में हुई है।अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र योगेश कुमार सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भवराही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – प.ह.नं.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता रामसेवक जाति बियार निवासी ग्राम बांसापारा प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्र सुशिल कुमार आ. संतोष कुमार का जन्म दिनांक 11/09/2012 को ग्राम बांसापारा में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र सुशिल कुमार का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बांसापारा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 04/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### कार्यालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम आमापारा राजस्व निरिक्षक बडगांव तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ तथा हितबद्ध पक्षकारों को सुचित किया जाता है का आवेदिका श्यामकली पति जगरनाथ आयु 61 वर्ष जाति बरगाह निवासी ग्राम आमापारा थाना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पति जगरनाथ आ. धनसाय के नाम पर ग्राम आमापारा प.ह.नं. 21 मे ख.नं. 10, 53, 576/2, 591/2, 722/1, 750/1, 954/1, 978/2, 998/2, 1000, 1093/1, 1208, 1210/1, 1249/1, 1254, 1259/1 रकबा

0.5800, 0.1600, 0.1600, 0.0200, 0.0700,0.2000, 0.0800, 0.1100, 0.1700, 0.1000, 0.0600, 0.0700, 0.1000, 0.0500, 0.2900, 0.2600 हे. योग 18 कुल रकबा 2.4800 हे. भूमि स्थित है। आवेदिका के पति की मृत्यु दिनांक 17.01.2013 को मृत्यु होने के उपरांत वैद्ध वारिसान रम पुत्र, कु. रीता पुत्री, सुनिता पुत्री, प्रमीला पुत्री, शांति पुत्री के नाम फौती नामान्तरण कराने हेतु आवेदन पत्र के सांथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खसरा, बी-1 संलग्न कर आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध मे यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/11/2025 तक स्वयं अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जाएगा।

तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

## नागपुर में जमे किसान, लंबा जाम लगा

# बच्चू कडू के किसान आंदोलन में शामिल हुए जरांगे पाटिल

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में किसानों का 'महा एल्गार' आंदोलन तीसरे दिन भी जोर पकड़ लिया। कुछ आंदोलनकारी अभी-भी शहर में डेरा डाले हुए हैं, जबकि अन्य किसान अपने-अपने गंतव्यों की ओर लौट चुके हैं। आंदोलन को लेकर मुंबई में अहम बैठक हुई। इसके अलावा पूर्व विधायक बच्चू कडू ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात की। बैठक में किसान नेता बच्चू कडू और मराठा आंदोलक मनोज जरांगे पाटील, राजू शेट्टी, रविकांत तुपकर, महादेव



नागपुर हाइवे पर बैठे किसान

जानकर, वामनराव चपट, अजीत नवले आदि शामिल हुए। किसानों की मांग किसान कर्ज माफी की तारीख का ऐलान करना है। राठा आरक्षण आंदोलन के प्रमुख चेहरे मनोज जरांगे पाटिल आंदोलन में शामिल हुए। हिंगणघाट, यवतमाल और चंद्रपुर मार्गों पर चलने वाली 118 बसों के फेरे रद्द करने पड़े।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा बोले

# 20 साल पहले बिहार में था जंगलराज

### नालंदा की सातों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले बिहार जंगलराज था।

आज गाँव-गाँव में 23-24 घंटे बिजली है, सड़क है, और हर घर नल का जल पहुँच रहा है। उन्होंने 6 तारीख के चुनाव को 'बिहार के विकास की गति को बनाए रखने का चुनाव' बताया और नालंदा की



सातों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

नड्डा नालंदा जिले के नगरनौसा में हरनौत विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी हरि नारायण सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि रेलवे का बजट नौ गुना बढ़ाया गया है। 20 वंदे भारत और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बिहार से गुजर रही हैं। पटना का जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट भव्य बन गया है। दो साल के अंदर बिहटा में 1400 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट तैयार होगा, और बिहार में पाँच नए एयरपोर्ट बनाए जाएँगे। आयुष्मान भारत योजना से 62 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर मिला है। मखाना बोर्ड के लिए 100 करोड़ रुपये तय किए गए हैं ताकि मखाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जा सके। मुजफ्फरपुर की लीची और भागलपुर के सिल्क के उत्थान की भी चिंता की जा रही है।

नड्डा ने आरजेडी और कांग्रेस पर परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है। लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने में लगे हैं, सोनिया गांधी राहुल को प्रधानमंत्री बनाने में लगी हैं। इनको अपने परिवार से मतलब है।

### न्यायालय तहसीलदार, पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)

**रा०मा०क्र०/202508030900 010/अ-6/2024-25**
**ग्रामः-तिलडेगा, तहसील पत्थलगांव**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम तिलडेगा को सूचित किया जाता है, कि आवेदक भूपेन्द्र पाल सिंह पिता सुरजीत सिंह भाटिया एवं गुरूशरण सिंह भाटिया पिता सुरजतीत सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी ग्राम दयालबंद, बिलासपुर (छ०ग०) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-109,110 छ0ग0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत किया है कि ग्राम तिलडेगा, प0ह0नं0 05 में स्थित भूमि ख0नं0 703/3 रकबा 1.214 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में सुरजीत सिंह भाटिया पिता हरवंश सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी ग्राम दयालबंद बिलासपुर (छ०ग०) के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। सुरजीत सिंह भाटिया पिता हरवंश सिंह भाटिया के द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूमि को दिनांक 30.12.2020 को वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की दिनांक 03.12.2021 को मृत्यु हो गई है। वसीयतकर्ता / मृतिका के वसीयतनामा दिनांक 30.12.2020 के आधार पर वसीयत्तकर्ता / मृतिका का नाम विलोपित किया जाकर आवेदक / वसीयतग्रहिता का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र के तहत निवेदन किया गया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ वसीयतनाम, बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो तो वह स्वयं अथवा मान्य अधिवधता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दिनांक 14.11.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – भवराही प.ह.नं. 06**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राण सिंह पिता स्व. धरमदास जाति गोड़ निवासी ग्राम भवराही प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्री अवन्तिका सिंह का जन्म दिनांक 13/02/1998 को ग्राम भवराही में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री अवन्तिका सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भवराही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – भवराही प.ह.नं. 06**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राण सिंह पिता स्व. धरमदास जाति गोड़ निवासी ग्राम भवराही प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्री कुसुम लता सिंह का जन्म दिनांक 14/08/1992 को ग्राम भवराही में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री कुसुम लता सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भवराही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – भवराही प.ह.नं. 06**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राण सिंह पिता स्व. धरमदास जाति गोड़ निवासी ग्राम भवराही प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्र दुर्गेश कुमार सिंह का जन्म दिनांक 16/10/1988 को ग्राम भवराही में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र दुर्गेश कुमार सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भवराही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – प.ह.नं.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता रामसेवक जाति बियार निवासी ग्राम बांसापारा प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्र अनमोल कुमार आ. संतोष कुमार का जन्म दिनांक 07/04/2014 को ग्राम बांसापारा में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र अनमोल कुमार का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बांसापारा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 04/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला सरगुजा (छ०ग०)

**::ईश्तहार::**

**रा.प्र.क.//बी-121/24-25**

एतद् द्वारा सर्वसाधारणा को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नेहरू लाल पति बघवा नवासी ग्राम मोहनपुर थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा मृत्य के पंजीयन कराने हेतु स्वंय का षपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, विलंब शुल्क चलान की प्रति सहित जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13 (3) एवं छ०ग० जन्म / मृत्यु रजि० नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने बहन हीरामनी का मृत्य दिनांक 09/12/2023 को ग्राम मोहनपुर मे होना बतलाते हुये उनके जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी दावा / आपत्ति प्राप्त होने पर इस पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दरिमा
जिला सरगुजा (छ०ग०)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – भवराही प.ह.नं. 06**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राण सिंह पिता स्व. धरमदास जाति गोड़ निवासी ग्राम भवराही प.ह.न. 06 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के पुत्री प्रीति लता सिंह का जन्म दिनांक 25/09/1986 को ग्राम भवराही में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री प्रीति लता सिंह का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भवराही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र./121 वर्ष**
**ग्राम – सावारावां प.ह.नं. 03**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैयालाल पिता स्व. मथुरा जाति अहिर निवासी ग्राम सावारावां प.ह.न. 03 रा.नि.मं भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश आवेदक के माता स्व० सोनमेत पति मथुरा का मृत्यु दिनांक 12/10/2025 को ग्राम सावारावां में हुई है। अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने माता स्व० सोनमेत का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सावारावां को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 13/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

# राज्योत्सव 2025: 2 से 4 नवम्बर तक कला केंद्र मैदान में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

## कृषि मंत्री शुभारंभ समारोह में होंगे मुख्य अतिथि, अंतिम तैयारियों का जायजा लिए कलेक्टर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम कला केंद्र मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर विलास भोसकर ने शुक्रवार को



राज्योत्सव स्थल में पहुंचकर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य गेट, मंच, अतिथियों की बैठक व्यवस्था, माइक, साज-सज्जा, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त रौशनी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही बिजली की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा एवं एम्बुलेंस की आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आसपास की सुरक्षा एवं यातायात संबंधी आवश्यक व्यवस्था हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, डीएफओ अभिषेक जोगवत, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव, नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### इन कलाकारों द्वारा दी जाएंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में विद्यालयीन, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ ही स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें छत्तीसगढ़ लोक गायक संजय सुरीला, मशहूर गायिका शशि लता, छत्तीसगढ़िया लोक गायक सुनिल मानिकपुरी, लिटिल चैम्प गायक प्रियांशु मिश्रा, मशहूर गायक आयुष नामदेव, लोक गायिका समीक्षा कश्यप, नृत्यांगना कोलकाता रित्विका बनर्जी, मशहूर गायिका आंचल मंदिलवार, क्लासिकल नृत्यांगना श्रृष्टि भदौरिया, लोक गायिका सताक्षी वर्मा, लोक गायक लल्लू राजा एवं बालीवुड रॉक बैंड मुंबई द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# अनोखी सोच के आयोजन में उमड़ा भारत, पड़ोसी देश नेपाल से भी पहुंचे कलाकार



## सीनियर सिंगल डांस ऑडिशन में मनमोहक प्रस्तुतियों ने मंच को जीवंत बनाया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में सीनियर सिंगल डांस श्रेणी का भव्य ऑडिशन बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर टॉप 25 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल भारत के विभिन्न राज्यों से बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी कलाकारों ने भाग लिया। मुंबई, दिल्ली, पंजाब, बनारस और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक दुबे, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, संतोष दास, दिनेश शुक्ला, शोभनाथ सिंह, गोल्डी बिहाड़े, कमलेश तिवारी, अजय सोनी, अनिल जायसवाल, मनोज कंसारी, रविन्द्र साहु और बबलू गुप्ता रहे। कार्यक्रम का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल में श्रीमती रवीन्द्र कौर, लावण्या सिन्हा, श्वेता सिन्हा, च्यती अग्रवाल, चेतना जैन, मिताली गुप्ता, अनिकेत कुमार सिंह, रणविजय सिंह, चंद्रशेखर तिवारी और नासिर खान शामिल रहे। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा युवाओं को मंच प्रदान करने का यह प्रयास न केवल कला के विकास में सहायक है, बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही। आयोजन में संस्था के अध्यक्ष सुर्यप्रकाश साहु, अभय साहु, लालजी साहु, भोला रक्सेल, जवाहर साहु, संजीव चटर्जी, लरंग मुंडा, नीरज, सुभाष, संदीप मुदलियार, अजय, राहुल, आंनद, रोहित सिंह, अवधेश केरकेट्टा, विशाल, रमेश, मुकेश मुंडा, विजय राजवाड़े एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। संस्था ने बताया कि आगामी चरण में चयनित प्रतिभागी सेमीफाइनल में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का देश के प्रति योगदान को किया स्मरण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के 31वें शहादत दिवस पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान आयोजित सभा में प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के द्वारा बैंकों के राष्ट्रीयकरण को लेकर आज के संदर्भ में चर्चा करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि देश की जनता में संसाधनों के समतामूलक बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इसके परिणामस्वरूप लंबे समय तक इस देश में आर्थिक असमानता पर लगाम लगी हुई थी, लेकिन पिछले 11 वर्षों में भाजपा के शासन में पूंजीपतियों के हित में बैंकिंग प्रणाली को जिस प्रकार से नष्ट किया गया उससे देश मे आर्थिक असमानता बढ़ी है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई ने मध्यम वर्ग को भी आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लोकेश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान के 2 टुकड़े कर बांग्लादेश बनाने वाली इंदिरा गांधी ने तब की महाशक्ति अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब दिया था। आज जब अमेरिका का राष्ट्रपति देश की संप्रभुता को खुलेआम चुनौती दे रहा है तब उनके जैसे सशक्त प्रधानमंत्री की आवश्यकता महसूस हो रही है।



### लौहपुरुष की जयंती पर राष्ट्रीय एकता पुन: स्थापित करने का संकल्प

31 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा ने राष्ट्रीय एकता को पुर्नस्थापित करने का संकल्प लिया। उनकी जयंती पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि स्वतंत्र भारत का आज जो स्वरूप हमारे सामने है वो लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप है। उन्होंने 562 रियासतों का विलीनीकरण कर मौजूदा अखंड भारत की रचना कर एकता स्थापित की, लेकिन वर्तमान सत्ता अंग्रेजों के नक्शेकदम पर बांटो और राज करो की नीति अपनाते हुए देश को धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की सच्ची राजनैतिक विरासत को धारण करने वाली कांग्रेस पर एक बार फिर देश में एकता, समरसता और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाने की जिम्मेदारी आ गई है। आयोजित सभा का संचालन महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीमा सोनी ने किया। इस मौके पर पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, इरफान सिद्दीकी, मधु दीक्षित, नुरुल अमीन सिद्दीकी, दुर्गेश गुप्ता, अतुल तिवारी, एमडी सांडिल्य, अनूप मेहता, अशफाक अलि, गुरुप्रीत सिद्धू, जमील खान, चंद्रप्रकाश सिंह, सोहन जायसवाल, संजय सिंह, विनोद एक्का, जीवन यादव, प्रमोद चौधरी, दीपक मिश्रा, अमित तिवारी राजा, आतिश शुक्ला, अविनाश कुमार, शिवप्रसाद अग्रहरि, प्रीति सिंह, रोशन कन्नौजिया, विकास शर्मा, दिलीप धर, रूही गजाला, अनीता सिन्हा, हमीदा, उर्मिला विश्वास, ममता सिंह, संगीत मिंज, रश्मि सोनी, अनुराधा सिंह, मालती सिंह, चित्रा मिश्रा, साधना कश्यप, रूपा ताम्रकार, मेधा खांडेकर, मोमिना खातून, चंचला सांडिल्य सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएम के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी को मिला राज्यमंत्री का दर्जा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के योजना, नीति, कृषि व ग्रामीण विकास सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आदेश जारी किया गया। मूलत: अंबिकापुर के नमना कला निवासी डॉ. धीरेंद्र तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा अंबिकापुर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुई। मेडिकल की पढ़ाई बिलासपुर से करने के बाद वे चिकित्सा सेवा देते हुए सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सलाहकार के रूप में कार्य करते हुए उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया, जिससे उनके समर्थकों में खुशी व्याप्त है।

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन, रायपुर जोन बना जनरल चैम्पियन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** चार दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन शुक्रवार को शहर के मल्टीपरपज खेल मैदान में हुआ। पांच संभागों से आए 685 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सभापति नगर पालिक निगम हरविन्दर सिंह टिन्नी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनारायण यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सरगुजा ने की। विशिष्ट अतिथि विनोद हर्ष, विकास पाण्डेय, एमआईसी सदस्य अनिता भारती रहीं। प्रतियोगिता में रायपुर जोन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनरल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बस्तर संभाग को उत्कृष्ट अनुशासन पुरस्कार मिला।
मुख्य अतिथि हरविन्दर सिंह टिन्नी ने कहा कि खेल सिर्फ जीत-हार नहीं सिखाता, बल्कि यह संघर्ष, समर्पण और संयम का प्रतीक है। अनुशासन ही एक खिलाड़ी की सबसे बड़ी ताकत है। जो जीवन में अनुशासित होता है, वही समाज और देश के लिए आदर्श बनता है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एकता और अनुशासन ही खेल की आत्मा है। अध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा कि सफलता का मूलमंत्र निरंतर मेहनत और समर्पण है। सरकार ग्रामीण अंचलों तक खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विनोद हर्ष ने कहा कि खेल हमें टीम भावना, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा सिखाता है। विकास पाण्डेय ने कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास का माध्यम है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने समापन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आयोजन में सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस और पाककला का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने छत्तीसगढ़ी पाक कला प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो रानी रजक के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप साहू प्राचार्य, सविता रहे। इस दौरान छत्तीसगढ़ बजट महोत्सव के उपलक्ष्य में बीएड तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों के बीच छत्तीसगढ़ी पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें चार निकेतन दिनकर निकेतन, दिवाकर, निकेतन, भास्कर निकेतन एवं प्रभाकर निकेतन ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए और छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार सजावट किया। अतिथियों ने सजावट को देखा और भोजन किया। इन्होंने कहा यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति प्रेम और सृजनशीलता का जीवंत मंच है। इसके उपरांत राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। सभी ने मिलकर राष्ट्रीय एकता का शपथ लिया। इस दौरान सीमा बंजारे, सहायक प्राध्यापक प्रियलता जायसवाल, मिथलेश कुमार गुर्जर, उर्मिला यादव, सुप्रिया सिंह, सविता यादव, पूजा रानी, ज्योत्सना राजभर, अर्चना सोनवानी, गोल्डन सिंह, अजीत सिंह परिहार, नितेश कुमार यादव, सुन्दरराम एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# भाभी को टांगी से हमला करके मौत के घाट उतारने वाला देवर गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गोरसीडबरा में गुरुवार की सुबह पति-पत्नी आपस में झगड़ा कर रहे थे। पड़ोस में रहने वाली भाभी बीच-बचाव करने पहुंची तो देवर ने टांगी से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार सोनमतिया बाई यादव पति तीरथ यादव



गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गोरसीडबरा विशुनपुर खुर्द की रहने वाली थी। इसके घर के बगल में देवर गोपी यादव पत्नी के साथ रहता है। गुरुवार की सुबह गोपी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा था। इस दौरान गोपी की भाभी सोनमतिया बीच-बचाव कर रही थी, तभी देवर ने हाथ में रखे टांगी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे। सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने पहले ही आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया था। महिला की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घर से फरार हो गया था, जिसे काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी जब्त किया है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता के संदेश की गूंज

## जिले में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन, महापौर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

### जनप्रतिनिधियों के साथ आईजी, कलेक्टर, अधिकारियों, स्कूली बच्चों, आमजनों ने लगाई दौड़

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस, भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिले में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन मैदान से हुआ, जो गांधी स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस एकता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आमजनों तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया।
इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत, सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, जनप्रतिनिधि, सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, अमृतलाल ध्रुव, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, आरआई तृप्ति सिंह राजपूत सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने 'एकता ही शक्ति है' के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। दौड़ में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया और एकता, समरसता व राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में गांधी स्टेडियम में उपस्थित जनसमूह को महापौर मंजूषा भगत ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और भारत की एकता में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं बल्कि यह एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को जीवित रखने का प्रतीक है।



कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने भारत की एकता, अखंडता और भाईचारे को सशक्त करने का प्रण लिया।

### भटगांव थाना में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

**भटगांव।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पुलिस थाना भटगांव में देशभक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, तहसील प्रशासन, स्कूली छात्र-छात्राएं, महिला सुरक्षा बल और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान हम सब एक हैं और विविधता में एकता यही हमारी पहचान जैसे नारे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ हुई।



थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा हमारा देश अनेक भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं से भरा है, यही विविधता हमारी असली पहचान है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस एक भारत की परिकल्पना की थी, आज उसी भावना को हम दोहरा रहे हैं। तहसीलदार शिव नारायण राठिया ने कहा सरदार पटेल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जिला कलेक्टरेट परिसर में कलेक्टर विलास भोसकर द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले में सभी शासकीय कार्यालयों में भी एकता की शपथ का वाचन किया गया। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली गई, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया।

### 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंजा शहर



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी एवं एकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व एवं महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में महामाया चौक से हुआ। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकता और अखंडता के संकल्प के साथ दौड़ में भाग लिया। इसका समापन समापन स्टेडियम ग्राउंड में हुआ, जहां सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने मिलकर राष्ट्रीय एकता शपथ ली। इस मौके पर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से शहर गूंज उठा। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अपने अटूट संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति से भारत को एक सूत्र में पिरोया। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, विकास पांडेय, मधुसूदन शुक्ला, देव नारायण यादव, फुलेश्वरी सिंह, निलेश सिंह, जनमेजय मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वीरगाथा प्रोजेक्ट व एकता दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

### चित्रकला एवं चर्चा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** माध्यमिक शाला बालक रामानुजनगर में वीरगाथा प्रोजेक्ट 5.0 के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा देश के वीर महापुरुषों की जीवन गाथाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्रों ने महापुरुषों की जीवनी को आधार बनाकर उनके आदर्शों, देशभक्ति और त्याग के भाव को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वीर सपूतों और राष्ट्र नायकों के चित्र बनाकर उनके योगदान को रेखांकित किया। चर्चा के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान एवं समाज में दिए गए संदेशों को साझा किया। इसी क्रम में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और उनके द्वारा की गई देश की एकता एवं अखंडता के कार्यों को अपने चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक प्रकाश कुमार, शिक्षक बिहारी लाल साहू एवं वर्षा सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वीरगाथा प्रोजेक्ट जैसे प्रयास छात्रों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का विकास करते हैं। विद्यालय परिसर में संपन्न इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सृजन से यह संदेश दिया कि नई पीढ़ी अपने वीर नायकों के कार्यों से प्रेरणा लेकर देश निर्माण में योगदान देने को तत्पर है।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के तीन दिवसीय आयोजन में झलकेगी सांस्कृतिक विरासत

**0 सुरमयी कार्यक्रमो में संजय सुरीला, स्तुति जायसवाल व सुनील मानिकपुरी देंगे शानदार प्रस्तुति**
**0 कल से स्टेडियम ग्राउंड में बिखरेगी रंगारंग कार्यक्रमो की मनभवन छटा**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत महोत्सव पर जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव का जिला स्तरीय आयोजन 02 से 04 नवंबर तक किया जाएगा।



जिला मुख्यालय के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप स्थित अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, कला और परंपरा की मनमोहक झलक जिलेवासियों को देखने मिलेगी।

राज्योत्सव के इस आयोजन में प्रदेश व सरगुजा संभाग के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार एवं लोकप्रिय गायक अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से जिले के लोगो को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 02 नवंबर को ''लव मी इंडिया'' फेम गायिका सुश्री स्तुति जायसवाल, 03 नवंबर को ''हाय रे सरगुजा नाचे'' फेम गायक संजय सुरीला, और 04 नवंबर को ''हमर पारा तुहर पारा'' फेम गायक सुनील मानिकपुरी अपनी सुरीली आवाज का जलवा बिखेरेंगे।

**57 स्कूलों बच्चे भी देंगे परंपरागत नृत्यों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम में लोक कलाकारों के साथ-साथ जिले के शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े विद्यार्थी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। जिले के 57 शैक्षणिक संस्थानों जिनमें एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, नर्सिंग कॉलेज सहित शासकीय व अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं, वे पारंपरिक नृत्य एवं लोकनृत्य प्रस्तुतियों से राज्योत्सव में अपनी कला की छंटा बिखेरेंगे।

**आयोजन में इन अतिथियों की होगी मौजूदगी**

इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होगीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, सहित रामसेवक पैकरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम, चिन्तामणि महाराज, सांसद सरगुजा, भूलन सिंह मराबी, विधायक प्रेमनगर, श्रीमती शकुंतला पोर्ते, विधायक प्रतापपुर, श्रीमती चन्द्रमणी पैकरा, अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जिले की नगरीय निकायों व जनपद पंचायतों के अध्यक्षगण भी शामिल होंगे।

**छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोककला और परंपराओं का लें आनंद- कलेक्टर**

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोककला और परंपराओं का आनंद लें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर भी है।

## हादसों का कारण बनी बिहारपुर की टूटी सड़क, कीचड़ से बाईक निकालना भी मुश्किल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**चांदनी बिहारपुर।** विकासखंड ओडगी के ग्राम पंचायत बिहारपुर के चौकापारा मोहल्ले में सड़क की बदहाली किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रही है। लगभग 3 किलोमीटर लंबी यह सड़क बरसात में पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाती है। स्थिति ऐसी है कि दुपहिया वाहन गड्ढों और कीचड़ में फंस जाते हैं और ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर चलना पड़ता है।

ताजा तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि ग्रामीण अपने दुपहिया वाहनों को कीचड़ से निकालते हुए फिसल रहे हैं। सड़क पर गड्ढे इतने गहरे हैं कि चलते समय वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है। कई बार ग्रामीणों और बच्चों को चोट लग चुकी है। चौकापारा मोहल्ले में करीब 200 परिवार रहते हैं। लोगों का कहना है कि बीमार पड़ने पर मरीज को कंधे पर उठाकर अस्पताल लाना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और मजदूरी के लिए निकलने वाले युवक-युवतियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चौकापारा निवासी रमेश गुप्ता ने बताया कि बारिश के मौसम में तो हम मानो कैद हो जाते हैं। सड़क नहीं, एक दलदल है



जिसमें रोज़ हमें गिरकर जाना पड़ता है। ना जनप्रतिनिधि सुनते हैं और ना अधिकारी देखने आते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार जनपद पंचायत, विधायक और पंचायत के समक्ष सड़क सुधार की मांग उठा चुके हैं, लेकिन आज तक न तो निरीक्षण हुआ और न ही मरम्मत शुरू की गई। लोगों का कहना है कि सड़क नहीं सुधरी तो हम उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

बरसात अब केवल मुश्किलें ही नहीं, बल्कि जानलेवा स्थितियां पैदा कर रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क निर्माण और फिलहाल मुर्मीकरण कराने की मांग की है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस ने निकाली बाईक रैली

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सूरजपुर पुलिस ने हेलमेट जागरूकता रैली निकालकर आम लोगो को जागरूक किया। पुलिस लाईन से निकली इस रैली ने शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने प्रोत्साहित किया गया। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर कहा कि दुर्घटना की स्थिति में दुपहिया वाहन चालकों के जीवन बचाने में हेलमेट का योगदान काफी महत्वपूर्ण है, हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने संबंधी सावधानियों से सफर को सुरक्षित बनाया जा सकता है, इस रैली का मकसद नागरिकों को यातायात नियमों एवं हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करना था।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए सूरजपुर पुलिस के



द्वारा हेलमेट जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। दोपहर 12. बजे पुलिस लाईन से रैली की शुरुआत हुई। यहां से रैली शहर के भैयाथान रोड़, मनेन्द्रगढ़ रोड़, केतका रोड़, अम्बिकापुर रोड, माता कर्मा चौक होते हुए थाना सूरजपुर में संपन्न हुई। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सूरजपुर पुलिस ने हेलमेट जागरुकता रैली का आयोजन आज किया।

इससे लोगों में दुपहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता प्रदर्शित होगी। हेलमेट ही दुर्घटना में बचाव का बढ़िया साधन है। इसके लिए पुलिस द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से लगातार मुहिम चलाया जा रहा है। इस रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय सहित काफी संख्या में पुलिस के अधिकारी एवं जवान शामिल हुए।

## राष्ट्रीय एकता दौड़'' में स्कूली बच्चों के साथ अधिकारी एवं कर्मचारियो ने लगाई दौड़

### विश्रामगृह से स्टेडियम ग्राउंड तक हुआ आयोजन, कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार की सुबह ''राष्ट्रीय एकता दौड़'' का आयोजन किया गया। यह दौड पुराना रेस्ट हाउस, जिला कोर्ट के सामने से प्रारंभ होकर स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी के साथ स्कूली बच्चे व आम नागरिको ने बड़े उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ के माध्यम से कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों, आम नागरिकों, स्कूली बच्चों को देश भक्ति, एकता, अखंडता साथ ही समाज में शांति व सद्भावना बनाए रखने तथा देश के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने व एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौड़ के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन में जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, मुरली मनोहर सोनी, शशीकांत गर्ग, शैलेंद्र अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी शरदेन्दु कुमार शुक्ल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## बूथ लेवल अधिकारी एवं एजेण्ट को दिया गया प्रशिक्षण



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 की घोषणा किये जाने के उपरांत आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारी बूथ लेवल एजेण्ट की विशेष गहन पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका को दृष्टिगत रखते हुये विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार 03 नवंबर तक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के माध्यम से बूथ लेवल अधिकारी एवं बूथ लेवल एजेण्ट को प्रशिक्षण का पूर्ण किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के परिपालन में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सर्व विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।


# पीएम मोदी 14,033 पीएम आवास ग्रामीण के हितग्राही परिवारों का करायेंगे गृह प्रवेश

### नवीन स्वीकृत 2679 आवासों हेतु जारी करेंगे प्रथम किस्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना पीएम आवास योजना ग्रामीण में निरंतर नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। देश में सर्वाधिक लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त होने के साथ इसमें प्रगति को लेकर लगातार कीर्तिमान बन रहे है।

एक ओर जहां ग्रामीणों की बुनियादी जरूरत पूरी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर यह योजना कई लोगों को काम की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर रहा है। इस कड़ी में जिला सूरजपुर अंतर्गत कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश व सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में पीएम आवास सतत् कार्य में प्रगति की ओर बढ़ रहा है। जिले को प्राप्त अब तक के लक्ष्य का 77 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुका है। विगत 5 माह में 14033 आवास पूर्ण हुए है, इन परिवारों का राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से गृह प्रवेश कराया जायेगा। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा के हितग्राही श्री अवधेश आत्मज बुधन को वित्त वर्ष 2024-25 में पीएम आवास की स्वीकृति मिली, जिसे उन्होंने बिना विलंब किए तत्काल पूर्ण करा लिया है। जनपद पंचायत प्रतापपुर के कई ग्राम पंचायतों में लगातार




हाथियों के झुंड के भ्रमण करने की जानकारी मिलती है। हाथियों द्वारा कई कच्चे के मकानों को तहस नहस करने की घटना भी प्राय: संज्ञान में आता है। किंतु पीएम आवास के पक्के मकान के निर्माण ने इस चिंता से ग्रामीणों को मुक्त कर दिया है। अवधेश का परिवार भी अब सुरक्षित महसूस कर रहा है, आवास के कारण ही घर में खुशियां व समृद्धि का वातावरण निर्माण हुआ है।

ऐसे कई परिवारों को आवास योजना ने चिंताओं से मुक्ति दिलाई है। अब तक जिले में 55700 से अधिक पक्के मकान निर्मित हो चुके है तथा 16000 से अधिक मकान निर्माणाधीन है। राज्य शासन के निर्देशानुसार हाल ही में निर्मित हुए 14033 परिवारों के मकानों को रजत जयंती महोत्सव पर आवासों का साज सज्जा कर सामूहिक गृह प्रवेश का कार्य कराया जाना है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में उक्त निर्देश के परिपालन में ड्यूटी लगाई गई है। इसमें जनपद पंचायत भैयाथान से 3253, ओड़गी से 2933, प्रतापपुर से 1437, प्रेमनगर से 2153, रामानुजनगर से 1008 एवं सूरजपुर से 3249 आवास सम्मिलित है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के 2679 परिवारों के आवास निर्माण हेतु 40,000 के मान से प्रथम किस्त की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जाएगी।

विभाग द्वारा लगातार आवास योजना में राशि जारी करने एवं उसके विरुद्ध आवास निर्माण पूर्ण होने की प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। योजना के साथ अभिसरण से मिलने वाले लाभ का भी रेगुलर फॉलोअप किया जा रहा है इसमें मनरेगा से 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि, शौचालय, नल कलेक्शन, विद्युत कनेक्शन, उज्जवला योजना, बिहान योजना से जुड़ने के प्रावधानों पर भी फोकस करते हुए, लाभान्वित कराया जा रहा है। बिहान से ऋण दिलाकर भी पीएम आवास के निर्माण में गति लाई जा रही है। योजना अंतर्गत आवास प्लस 2.0 के माध्यम से 1.40 लाख से अधिक परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है।जिला योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु लगातार प्रयास कर रहा है, हितग्राहियों से अपील है कि अपने आवासों का निर्माण तत्काल पूर्ण कराए। कोई समस्या या शिकायत है तो जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 9244049285 पर संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके साथ ही जिला पंचायत, जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय अन्य शासकीय संस्था एवं कार्यालयों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ लिया गया। जिला संयुक्त कार्यालय के राष्ट्रीय एकता दिवस के शपथ कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर सुनिल अग्रवाल व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



**एसएसपी ने पुलिस जवानों को दिलाई शपथ**

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके साथ ही जिले के सभी थाना-चौकी में भी राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ लिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय सहित काफी संख्या में पुलिस के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय राज्योत्सव का होने जा रहा आगाज

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला मुख्यालय बलरामपुर में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में 02 नवम्बर से 04 नवम्बर 2025 तक तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 02 बजे से किया जाएगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक झलक एवं स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों और सांस्कृतिक समूहों द्वारा विविध प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। जिसमें प्रतिदिवस दोपहर 01 बजे से सांय 6 बजे तक शालेय सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके साथ ही संध्या बेला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। जिसके अंतर्गत 02 नवम्बर 2025 को सूफी बैंड, रायपुर, की प्रस्तुति होगी, 03 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी गायक श्री सुनिल मानिकपुरी अपनी सुरो की छटा बिखेरेगें। इसी प्रकार अंतिम दिवस नमो नमो म्यूजिक मसुप बैंड के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही अंतिम दिवस प्रात: 11 बजे से जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों के साथ जिले की विकास यात्रा की झलकियां प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लाईव स्टॉल भी लगाया जाएगा। जहां आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड आदि बनाया जाएगा।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर